आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 28.08.2024

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड के खुरपिया समेत देश के 10 राज्यों में औद्योगिक स्मार्ट शहर बनाने को मंजूरी दी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों को सम्मान देने में जन–धन योजना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए डिजिटल डिपॉजिट रिफंड प्रणाली का शुभारंभ किया, कहा– इस प्रणाली से प्लास्टिक को रिसाइकिल करने में मदद मिलेगी।
- प्रदेश के आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग ने हरिद्वार जिले के तीन गांवों को जड़ी–बूटी ग्राम घोषित किया।

केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड के खुरपिया समेत देश के 10 राज्यों में औद्योगिक स्मार्ट शहर बनाने को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई नई दिल्ली में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 12 नई परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इसके तहत देश में 12 औद्योगिक स्मार्ट शहर बनाए जाएंगे। इस योजना पर 28 हजार 602 करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है। इस योजना से 10 लाख रोजगार परोक्ष रूप से और 30 लाख रोजगार अपरोक्ष रूप से सृजित होंगे। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने 2 सौ 34 नए शहरों में निजी एफएम रेडियो शुरू करने को मंजूरी दी गई। साथ ही रेल मंत्रालय की तीन परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई, जिनकी कुल अनुमानित लागत लगभग 6 हजार 456 करोड़ रुपये है। इसके साथ ही कृषि अवसंरचना निधि के तहत वित्त पोषण सुविधा की केन्द्रीय क्षेत्र योजना में विस्तार को मंजूरी दे दी गई है। केंद्रीय क्षेत्र योजना के विस्तार को मंजूरी का उद्देश्य इसे अधिक आकर्षक, प्रभावशाली और समावेशी बनाना है।

प्रधानमंत्री जन धन योजना

प्रधानमंत्री जन धन योजना के आज 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। योजना के तहत अब तक 53 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सम्मान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। योजना के तहत खोले गये कुल खातों में से 55 प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं।

प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत प्रदेश में भी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के बैंक खाते खोले गए हैं। इसी क्रम में बागेश्वर जिले में करीब 42 हजार खाते खोले जा चुके हैं। इस योजना का लाभ उठा रहे लाभार्थी केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से खुश हैं। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जनधन योजना ने समाज के ऐसे वर्ग तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाई हैं जो अब तक इन सेवाओं से वंचित थे। जनधन योजना के लाभार्थी शेखर चंद्र का कहना है कि बैंक में खाता खुलने से अब सरकारी योजनाओं का लाभ उनके खाते में आसानी से समय पर पहुंच रहा है।

## फूड टेस्टिंग लैब

गढ़वाल मण्डल में 3 करोड़ की लागत से जल्द ही फूड टेस्टिंग लैब स्थापित की जाएगी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को देहरादून में गढ़वाल मण्डल की फूड टेस्टिंग लैब के संचालन को शुरू करने के लिए 2 माह की डेडलाइन दी है। सरकार ने इसके लिए 13 पदों की स्वीकृति दे दी है। इस सम्बन्ध में 23 करोड़ का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा चुका है। इस लैब की क्षमता शुरू में 5 हजार सैम्पलिंग टेस्ट की होगी। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने रूद्रपुर में अल्ट्रा मॉर्डन माइक्रोबाइलोजिकल फूड लैब की स्थापना तथा लैब में आधुनिकतम उपकरण की उपलब्धता के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिए हैं।

## युवा संसद

संसदीय कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में चंपावत जिले के लोहाघाट में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोहाघाट स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित युवा संसद प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं को भारतीय संसदीय प्रणाली की कार्यवाही, नियम व कानूनों की जानकारी दी गई। जिला पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि छात्र–छात्राओं को भारतीय संसदीय प्रणाली की कार्यवाही और देश–विदेश की घटनाओं से परिचित कराने के लिए इस युवा संसद का आयोजन किया गया है।

## प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेंट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए डिजिटल डिपॉजिट रिफंड प्रणाली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रणाली से पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक की खपत को कम करने और अधिक से अधिक प्लास्टिक को रिसाइकिल करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियां, जंगल, पहाड़ राज्य की धरोहर और पहचान हैं। प्लास्टिक इन धरोहरों को खतरे में डाल रहा है, जिसके निपटान के लिए राज्य सरकार विज्ञान और आधुनिक तकनीक का उपयोग कर काम कर रही है। इसके लिए श्री धामी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से डिजिटल डिपाजिट रिफंड प्रणाली को लागू करने के लिए समन्वय से काम करने को कहा।

## जड़ी–बूटी ग्राम घोषित

प्रदेश के आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग ने हरिद्वार जिले के तीन गांवों को जड़ी–बूटी ग्राम घोषित किया है। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. स्वास्तिक सुरेश ने ये जानकारी दी। इस योजना के तहत बिहारीनगर को अश्वगंधा गांव, जगजीतपुर को तुलसी गांव और भोगपुर को गिलोय गांव बनाया गया है। इन गांवों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से मदद मिलेगी। जिला आयुर्वेद नोडल अधिकारी डॉ. अवनीश उपाध्याय ने बताया कि अश्वगंधा और अन्य जड़ी–बूटियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। किसान इसकी खेती कर धान, गेहूं और मक्का की खेती से 50 फीसदी तक अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।

## सूचना अधिकार कार्यशाला

केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय और नैनीताल स्थित डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी, के सहयोग से नई टिहरी में एक दिवसीय सूचना का अधिकार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आरटीआई अधिनियम की सफलता को और अधिक व्यापक रूप से आगे बढ़ाने और अधिनियम के सैद्धांतिक पक्ष के बारे में जानकारी दी गई। प्रशासनिक अकादमी के संयुक्त निदेशक डॉ. महेश कुमार कोहली ने बताया कि कार्यशाला में सूचना अधिकारियों को आरटीआई अधिनियम की विभिन्न धाराओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को आरटीआई अधिनियम के तहत व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और कार्यशाला में उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया गया।

अखबार से पेपर बैग

ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में एक सामाजिक संस्था ने सात स्कूलों के छात्रों को अखबार से पेपर बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान छात्रों ने करीब 10 हजार पेपर बैग बनाकर दुकानदारों को बांटे। उन्होंने सभी व्यापारियों से प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल न करने की अपील की। सामाजिक संस्था की प्रतिनिधि द्विशोजोई बनर्जी ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद भी दुकानदार इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।

क्रॉस कंट्री दौड

मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस और खेल दिवस से पहले ऋषिकेश में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 110 बालक—बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उत्तराखंड महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जीवन सभी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि सभी को उनके जीवन से सीख लेकर अपने क्षेत्र में लगन, ईमानदारी और लगन से काम करना चाहिए।

खाद्य उत्पादों की निगरानी

उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड की सीमा पर स्थित जिलों में मिलावटी दुग्ध और खाद्य उत्पादों की सयुंक्त निगरानी की जाएगी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि इसे लेकर जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजा जाएगा। श्रीमती रतूड़ी ने 'इट राइट इण्डिया' अभियान के तहत ''ईट राइट कैम्पस—ईट राइट स्कूल'' प्रमाणीकरण में सभी स्कूल, कॉलेज, विश्व विद्यालयों, शासकीय औरं गैर शासकीय कैम्पस को जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

दो युवकों की मृत्यु

देहरादून—विकासनगर मार्ग पर कल देर रात को जस्सोवाला के पास हुई दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक सहसपुर में एक कंपनी में कार्यरत थे और सहसपुर से हरबर्टपुर विकासनगर की ओर जा रहे थे। मृतकों की पहचान रूद्रप्रयाग जिले के ग्राम कांडा निवासी के रूप में हुई है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रुक—रुक कर बारिश का दौर जारी है। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार आज पौड़ी, देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, बागेश्वर, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिलों में गरज के साथ तेज बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है।